उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ

विज्ञापन संख्या-16-परीक्षा/2026, प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET) 2026

Exam Date – 30-10-2026, Shift 1 (10 am - 12 pm) **Provisional Answer Key** (Master Set)

1. बौद्ध ग्रंथ "दीपवंश" का शाब्दिक अर्थ क्या है ?

द्वीप का इतिवृत्त

What is the literal meaning of the Buddhist text "Dipavamsa" ?

The chronicle of the island

---

2. निम्नलिखित में से कौन-सी प्रशस्ति समुद्रगुप्त के सैन्य अभियानों और विजयों का विवरण देती है ?

प्रयाग प्रशस्ति

Which of the following Prashastis gives an account of Samudragupta's military campaigns and conquests ?

Prayag Prashasti

---

3. मौर्य साम्राज्य का राजधानी शहर कौन-सा था ?

पाटलिपुत्र

What was the capital city of the Mauryan Empire ?

Pataliputra

---

4. मेवाड़ के राणा सांगा को मुगल सम्राट बाबर ने किस युद्ध में पराजित किया था ?

खानवा का युद्ध

In which battle was Rana Sanga of Mewar defeated by the Mughal Emperor Babur ?

Battle of Khanwa

---

5. निम्नलिखित में से कौन-सा शासक तंजावुर का प्रथम मराठा शासक बना ?

एकोजी

Which of the following rulers became the first Maratha ruler of Thanjavur ?

Ekoji

---

6. निम्नलिखित में से किस क्रांतिकारी संगठन की स्थापना 1904 में वी.डी. सावरकर ने की थी ?

अभिनव भारत सोसाइटी

Which of the following revolutionary organisations was founded by V.D. Savarkar in 1904 ?

Abhinav Bharat Society

PROVISIONAL ANSWER KEY

7. किस अधिनियम ने ब्रिटिश औपनिवेशिक सरकार को राजनीतिक कैदियों को बिना मुकदमे के दो वर्ष तक हिरासत में रखने की अनुमति दी ?

रॉलेट अधिनियम

Which Act allowed the British colonial government to detain political prisoners without trial for two years ?

Rowlatt Act

---

8. निम्नलिखित में से किस नेता को "केरल गाँधी" के नाम से जाना जाता था ?

के. केलप्पन

Who among the following leaders was known as the "Kerala Gandhi" ?

K. Kelappan

---

9. भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन की निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार, पहले से बाद के क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

I. चौरी-चौरा की घटना
II. नमक यात्रा (दांडी मार्च)
III. जलियाँवाला बाग हत्याकांड
IV. असहयोग आंदोलन की शुरुआत

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही क्रम चुनिए :

III, IV, I, II

Arrange the following events of the Indian National Movement in chronological order, from earliest to latest :

I. Chauri-Chaura Incident
II. Salt March (Dandi March)
III. Jallianwala Bagh Massacre
IV. Launch of the Non-Cooperation Movement

Select the correct sequence using the code given below :

III, IV, I, II

---

10. 1905 में सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी (भारत सेवक समाज) की स्थापना किसने की ?

गोपाल कृष्ण गोखले

Who founded the Servants of India Society in 1905 ?

Gopal Krishna Gokhale

---

11. एक जगह ग्रीनविच से 90° पूर्व में स्थित है। उसका स्थानीय समय कितना आगे है ?

6 घंटे

A place lies 90° east of Greenwich. How much ahead is its local time ?

6 hours

PROVISIONAL ANSWER KEY

12. निम्नलिखित में से कौन-सा उत्तर से दक्षिण की ओर हिमालय की पर्वत श्रृंखलाओं के सही क्रम को दर्शाता है ?

हिमाद्रि → हिमाचल → शिवालिक

Which of the following represents the correct sequence of the Himalayan ranges from the north to the south ?

Himadri → Himachal → Shiwalik

---

13. उच्चावच वर्षा (रिलीफ रेनफॉल) को _____ के नाम से भी जाना जाता है।

पर्वतीय वर्षा

Relief rainfall is also known as _____.

Orographic rainfall

---

14. सिक्स (छह) डिग्री चैनल भारत के ग्रेट निकोबार द्वीप को निम्नलिखित में से किस देश से अलग करता है ?

इंडोनेशिया

The Six Degree Channel separates the Great Nicobar Island of India from which of the following countries ?

Indonesia

---

15. किस भौगोलिक शब्द का अर्थ भूमि की उस संकरी पट्टी से है जो दो बड़े भू-भागों को जोड़ती है और दो जल निकायों को अलग करती है ?

स्थलडमरूमध्य

Which geographical term refers to a narrow strip of land that connects two larger landmasses and separates two bodies of water ?

Isthmus

---

16. हरित क्रांति से जुड़ी अधिक उपज देने वाली अर्ध-बौनी गेहूँ की किस्में किसके द्वारा विकसित की गई थीं ?

नॉर्मन ई. बोरलॉग

The high-yielding semi-dwarf wheat varieties related to the Green Revolution were developed by :

Norman E. Borlaug

---

17. सार्वजनिक क्षेत्रक के उद्यमों (PSEs) की ईक्विटी का एक भाग जनता को बेचने की प्रक्रिया को कहा जाता है :

विनिवेश

The process of selling off a part of the equity of Public Sector Enterprises (PSEs) to the public is known as :

Disinvestment

PROVISIONAL ANSWER KEY

18. पी.सी. महालनोबिस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. उन्हें द्वितीय पंचवर्षीय योजना की रणनीति तैयार करने के लिए 'भारतीय योजना का वास्तुकार' के रूप में जाना जाता है।

II. उन्होंने 1933 में *सांख्य : द इंडियन जर्नल ऑफ स्टैटिस्टिक्स* की स्थापना की।

III. महालनोबिस मॉडल में कृषि और उपभोक्ता वस्तुओं में भारी विनियोग पर बल दिया गया था।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

केवल I और II

Consider the following statements regarding P.C. Mahalanobis :

I. He is known as the 'Architect of Indian Planning' for drafting the Second Five-Year Plan strategy.

II. He founded *Sankhyā* : *The Indian Journal of Statistics* in 1933.

III. The Mahalanobis Model emphasized heavy investment in agriculture and consumer goods.

Which of the above statements are correct ?

I and II only

---

19. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए :

	सूची I (पंचवर्षीय योजना)		**सूची II (प्राथमिकता/बल)**
a.	पाँचवीं पंचवर्षीय योजना	i.	सामाजिक न्याय और समानता के साथ विकास
b.	नौवीं पंचवर्षीय योजना	ii.	खाद्य, रोजगार और उत्पादकता
c.	द्वितीय पंचवर्षीय योजना	iii.	गरीबी उन्मूलन (गरीबी हटाओ) और आत्मनिर्भरता
d.	सातवीं पंचवर्षीय योजना	iv.	भारी और बुनियादी उद्योग

कूट :

a-iii, b-i, c-iv, d-ii

Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

	List I (Five-Year Plan)		**List II (Emphasis)**
a.	Fifth Five-Year Plan	i.	Growth with Social Justice and Equality
b.	Ninth Five-Year Plan	ii.	Food, Work and Productivity
c.	Second Five-Year Plan	iii.	Poverty Removal and Self-Reliance
d.	Seventh Five-Year Plan	iv.	Heavy and Basic Industries

Code :

a-iii, b-i, c-iv, d-ii

---

20. राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (FRBM) अधिनियम किस वर्ष अधिनियमित किया गया था ?

2003

In which year was the Fiscal Responsibility and Budget Management (FRBM) Act enacted ?

2003

PROVISIONAL ANSWER KEY

21. 74वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 को किस अन्य नाम से भी जाना जाता है ?

नगरपालिका अधिनियम

The 74th Constitutional Amendment Act, 1992, is also known as the :

Nagarpalika Act

---

22. भारत की संविधान सभा में एकमात्र दलित महिला सदस्य निम्नलिखित में से कौन थीं ?

दक्षायणी वेलायुधन

Who among the following was the only Dalit woman member of the Constituent Assembly of India ?

Dakshayani Velayudhan

---

23. वर्तमान में (2026) भारत में कुल कितने राज्य और केंद्र-शासित प्रदेश हैं ?

28 राज्य और 8 केंद्र-शासित प्रदेश

How many States and Union Territories are there in India at present (2026) ?

28 States and 8 Union Territories

---

24. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद "अस्पृश्यता" को समाप्त करता है और किसी भी रूप में इसके आचरण को निषिद्ध करता है ?

अनुच्छेद 17

Which Article of the Indian Constitution abolishes "Untouchability" and forbids its practice in any form ?

Article 17

---

25. मौलिक अधिकारों को लागू कराने के लिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निम्नलिखित में से क्या जारी किया जा सकता है ?

रिट

Which of the following can be issued by the Supreme Court for the enforcement of Fundamental Rights ?

Writs

---

26. 1 किलोवाट घंटा (kWh) किसके समतुल्य है ?

$3{\cdot}6 \times 10^6$ J

1 kWh is equivalent to :

$3{\cdot}6 \times 10^6$ J

PROVISIONAL ANSWER KEY

27. किसी बाह्य चुंबकीय क्षेत्र में रखे सीधे धारावाही चालक पर लगने वाले बल की दिशा निर्धारित करने के लिए निम्नलिखित में से किस नियम का उपयोग किया जाता है ?

फ्लेमिंग का वाम-हस्त नियम

Which of the following rules is used to determine the direction of the force acting on a straight current-carrying conductor placed in an external magnetic field ?

Fleming's Left-Hand Rule

---

28. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए :

	सूची I (सामान्य नाम)		**सूची II (रासायनिक सूत्र)**
a.	बेकिंग सोडा	i.	$CaSO_4 \cdot 2H_2O$
b.	वाशिंग (धावन) सोडा	ii.	$NaHCO_3$
c.	जिप्सम	iii.	$Na_2CO_3 \cdot 10H_2O$
d.	प्लास्टर ऑफ पेरिस	iv.	$CaSO_4 \cdot \frac{1}{2}H_2O$

कूट :

a-ii, b-iii, c-i, d-iv

Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

	List I (Common Name)		**List II (Chemical Formula)**
a.	Baking soda	i.	$CaSO_4 \cdot 2H_2O$
b.	Washing soda	ii.	$NaHCO_3$
c.	Gypsum	iii.	$Na_2CO_3 \cdot 10H_2O$
d.	Plaster of Paris	iv.	$CaSO_4 \cdot \frac{1}{2}H_2O$

Code :

a-ii, b-iii, c-i, d-iv

---

29. कौन-सा पादप ऊतक, मेवे (नट) के छिलके जैसी संरचनाओं को कठोरता और यांत्रिक मज़बूती प्रदान करता है ?

स्क्लेरेंकाइमा

Which plant tissue provides hardness and mechanical strength to structures such as nutshells ?

Sclerenchyma

---

30. मानव मस्तिष्क का कौन-सा भाग शरीर के तापमान तथा भूख और प्यास की इच्छा को नियंत्रित करता है ?

हाइपोथैलेमस

Which part of the human brain regulates the body temperature and the urge for hunger and thirst ?

Hypothalamus

PROVISIONAL ANSWER KEY

31. यदि $0{\cdot}232323 \ldots = \frac{p}{q}$ और $0{\cdot}23333 \ldots = \frac{r}{s}$, दोनों अपने निम्नतम पदों में, तो $p + q + r + s$ का मान है :

159

If $0{\cdot}232323 \ldots = \frac{p}{q}$ and $0{\cdot}23333 \ldots = \frac{r}{s}$, both in their lowest terms, then the value of $p + q + r + s$ is :

159

---

32. दो-अंकों की एक संख्या के अंकों का योगफल 9 है। यदि संख्या के अंकों को आपस में बदल दिया जाए, तो बनने वाली नई संख्या मूल संख्या से 45 अधिक हो जाती है। मूल संख्या कौन-सी है ?

27

The sum of the digits of a two-digit number is 9. If the digits of the number are reversed, the new number formed is 45 more than the original number. What is the original number ?

27

---

33. x का मान ज्ञात कीजिए, यदि $3^4 \times 3^x = 3^8$ है।

4

Find the value of x, if $3^4 \times 3^x = 3^8$.

4

---

34. यदि प्रेक्षणों के एक समुच्चय $x_1, x_2, x_3, \ldots, x_{10}$ का माध्य 20 है, तो $x_1 + 5, x_2 + 10, x_3 + 15, \ldots, x_{10} + 50$ का माध्य है :

47·5

If the mean of a set of observations $x_1, x_2, x_3, \ldots, x_{10}$ is 20, then the mean of $x_1 + 5, x_2 + 10, x_3 + 15, \ldots, x_{10} + 50$ is :

47·5

---

35. विद्यालय A में, 1250 छात्रों को सबसे बड़ी संभव ठोस वर्गाकार संरचना में व्यवस्थित किया गया है। कितने छात्र अव्यवस्थित रह गए ?

25

In School A, 1250 students are arranged in the largest possible solid square formation. How many students are left unarranged ?

25

---

36. 'पित्राज्ञा' शब्द का संधि-विच्छेद है :

पितृ + आज्ञा

PROVISIONAL ANSWER KEY

37. 'एकाग्र' शब्द का विलोम शब्द है :

चंचल

---

38. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध है ?

रात्री

---

39. 'जिसे जाना न जा सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द है :

अज्ञेय

---

40. 'पानी-पानी होना' मुहावरे का अर्थ है :

लज्जित होना

---

41. Identify the type of noun represented by the underlined word in the following sentence :
"A committee of five members was formed to investigate the matter."

Collective Noun

---

42. Choose the correct form of the passive voice to complete the sentence.
Someone has stolen my bicycle.
My bicycle _____.

has been stolen

Directions : *Read the following passage carefully and answer the questions (43 and 44) that follow :*

Mount Everest stands as a monument of beautiful duality. From a distance, its snow-capped peak looks majestic and peaceful, touching the clouds like a sleeping giant. Up close, however, it is a brutal and unforgiving environment where hurricane-force winds and freezing temperatures test the limits of human endurance. On this mountain, breathtaking majesty and deadly danger are perfectly combined. While it inspires thousands of climbers to achieve their greatest dreams, it also claims the lives of those who make even the smallest mistake. Unlike smaller mountains that offer a fun, relaxing weekend hike, Everest requires months of gruelling preparation and a willingness to face extreme hardship.

43. The phrase "sleeping giant" is used in the passage to describe Everest's :

peaceful, calm and towering appearance

---

44. According to the passage, unlike climbing smaller mountains, climbing Everest requires :

months of gruelling preparation

---

45. Choose the word that is most nearly opposite in meaning to "LUCID".

Obscure

PROVISIONAL ANSWER KEY

46. चार नदियों की लंबाइयाँ अलग-अलग हैं। नदी P, नदी Q से लंबी है। नदी R, नदी Q से छोटी है। नदी S, नदी P से लंबी है। सबसे छोटी नदी कौन-सी है ?

नदी R

Four rivers have different lengths. River P is longer than River Q. River R is shorter than River Q. River S is longer than River P. Which river is the shortest ?

River R

---

47. यदि A + B का अर्थ है कि A, B का पिता है, A − B का अर्थ है कि A, B का भाई है, और A × B का अर्थ है कि A, B की माँ है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा व्यंजक यह दर्शाता है कि P, Q का मामा है ?

P − R × Q

If A + B means that A is the father of B, A − B means that A is the brother of B, and A × B means that A is the mother of B, then which of the following expressions shows that P is the maternal uncle of Q ?

P − R × Q

---

48. यदि 10 अक्टूबर, 2023 को मंगलवार था, तो 23 दिसंबर, 2023 को सप्ताह का कौन-सा दिन था ?

शनिवार

If October 10, 2023 was a Tuesday, then what day of the week was December 23, 2023 ?

Saturday

---

49. एक निश्चित कूट भाषा में, शब्द 'NEWYORK' को '111' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उसी कूट भाषा में शब्द 'NEWJERSEY' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा ?

124

In a certain code language, the word 'NEWYORK' is coded as '111'. How will the word 'NEWJERSEY' be coded in the same code language ?

124

---

50. निम्नलिखित में से कौन-सा विषम है ?

अप्रैल

Which of the following is the odd one out ?

April

---

51. छारी-ढांड, जिसे 2026 में भारत के रामसर स्थलों की सूची में सम्मिलित किया गया था, किस क्षेत्र में स्थित है ?

कच्छ, गुजरात

Chhari-Dhand, which was added to India's Ramsar sites list in 2026, is located in which region ?

Kutch, Gujarat

PROVISIONAL ANSWER KEY

52. वर्ष 2025 में G20 की अध्यक्षता किस देश ने की ?

दक्षिण अफ्रीका

Which country held the G20 Presidency in the year 2025 ?

South Africa

---

53. 11वाँ भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (IISF) 2025 कहाँ आयोजित किया गया था ?

पंचकूला

Where was the 11th India International Science Festival (IISF) 2025 held ?

Panchkula

---

54. जापान के किस शहर ने एएचएफ हॉकी पुरुष एवं महिला अंडर-18 एशियाई कप 2026 की मेज़बानी की थी ?

काकामिगाहारा

Which city in Japan hosted the AHF Hockey Men's and Women's U18 Asian Cup in 2026 ?

Kakamigahara

---

55. 12वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2026 में किस थीम के तहत विश्व स्तर पर मनाया गया ?

स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग

Under which theme was the 12th International Day of Yoga observed globally in 2026 ?

Yoga for Healthy Ageing

---

56. आर्थिक सर्वेक्षण 2025 – 26 के अनुसार, 2025 में वैश्विक नवाचार सूचकांक में भारत की रैंक क्या है ?

38वीं

According to the Economic Survey 2025 – 26, what is India's rank in the Global Innovation Index in 2025 ?

38th

---

57. 2025 में स्वतंत्र भारत में कौन-सा राज्य समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने वाला पहला राज्य बना ?

उत्तराखंड

Which state became the first state in Independent India to implement the Uniform Civil Code (UCC) in 2025 ?

Uttarakhand

---

58. अप्रैल 2025 में, साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए आरबीआई ने बैंकों के लिए किस विशिष्ट इंटरनेट डोमेन का संचालन शुरू किया ?

.bank.in

In April 2025, RBI operationalised which exclusive internet domain for banks to strengthen cybersecurity ?

.bank.in

PROVISIONAL ANSWER KEY

59. 2026 में विमोचित '*अटल बिहारी वाजपेयी : द इटरनल स्टेट्समैन*' पुस्तक किसने लिखी है ?

विजय गोयल

Who authored the book *Atal Bihari Vajpayee : The Eternal Statesman,* released in 2026 ?

Vijay Goel

---

60. मध्य प्रदेश के किस राष्ट्रीय उद्यान को 2026 में बोत्सवाना से नौ चीते प्राप्त हुए ?

कूनो राष्ट्रीय उद्यान

Which national park in Madhya Pradesh received nine cheetahs from Botswana in 2026 ?

Kuno National Park

---

61. कौन-सा भारतीय राज्य तीन तरफ से बांग्लादेश से घिरा हुआ है ?

त्रिपुरा

Which Indian state is bordered by Bangladesh on three sides ?

Tripura

---

62. असम के सबसे पुराने वन्यजीव अभयारण्यों में से एक, गरमपानी वन्यजीव अभयारण्य, किस जिले में स्थित है ?

कार्बी आंगलोंग

Garampani Wildlife Sanctuary, one of the oldest wildlife sanctuaries in Assam, is located in which district ?

Karbi Anglong

---

63. निम्नलिखित में से कौन-सा अंतर्राष्ट्रीय दिवस अपनी तिथि से सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

श्रमिक दिवस – 5 मई

Which of the following International Days is ***not*** correctly matched with its date of observance ?

Labour Day – May 5

---

64. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?

वाशिंगटन, डी.सी., यूएसए

Where is the headquarters of the International Monetary Fund (IMF) located ?

Washington, D.C., USA

---

65. किस हड़प्पाई स्थल को भारत का 40वाँ यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया है ?

धोलावीरा

Which Harappan site has been declared India's 40th UNESCO World Heritage Site ?

Dholavira

PROVISIONAL ANSWER KEY

66. डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वारा लिखित पुस्तक *इग्नाइटेड माइंड्स* का उपशीर्षक क्या है ?

अनलीशिंग द पावर विदिन इंडिया

What is the subtitle of the book *Ignited Minds* authored by Dr. A.P.J. Abdul Kalam ?

Unleashing the Power Within India

---

67. कर्नाटक का प्रसिद्ध जलप्रपात जोग फॉल्स निम्नलिखित में से किस अन्य नाम से भी जाना जाता है ?

गरसोप्पा फॉल्स

Jog Falls, a famous waterfall in Karnataka, is also known by which of the following names ?

Gersoppa Falls

---

68. केंद्र-शासित प्रदेश लक्षद्वीप की राजधानी क्या है ?

कवरत्ती

What is the capital of the Union Territory of Lakshadweep ?

Kavaratti

---

69. ओलंपिक खेलों में भारत के लिए व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी कौन थे ?

अभिनव बिंद्रा

Who was the first Indian sportsperson to win an individual gold medal for India at the Olympic Games ?

Abhinav Bindra

---

70. कौन-सा देश वॉन (Won) को अपनी आधिकारिक मुद्रा के रूप में उपयोग करता है ?

उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which country uses the Won as its official currency ?

None of the above

निर्देश : *निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों (71 से 75) के उत्तर दीजिए :*

जल ही जीवन का आधार है, लेकिन वर्तमान समय में तीव्र शहरीकरण, औद्योगिक विकास और जलवायु परिवर्तन के कारण जल संकट एक विकराल रूप धारण कर चुका है। भूजल का अत्यधिक दोहन और नदियों का प्रदूषण इस समस्या को और अधिक गंभीर बना रहा है। पारंपरिक जल निकायों, जैसे तालाब, बावड़ी और कुओं की उपेक्षा ने जल सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। जल संरक्षण केवल एक पर्यावरणीय मुद्दा नहीं है, बल्कि यह मानव सभ्यता के अस्तित्व और आर्थिक स्थिरता से भी गहराई से जुड़ा हुआ है।

इस दिशा में 'वर्षा जल संचयन' एक अत्यंत प्रभावी तकनीक सिद्ध हो सकती है। छतों और खुले क्षेत्रों से वर्षा के जल को एकत्रित करके भूजल स्तर को पुनः रिचार्ज किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, कृषि क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई पद्धतियों, जैसे ड्रिप (टपक) और स्प्रिंकलर (फव्वारा) प्रणाली को अपनाकर जल की भारी बर्बादी को रोका जा सकता है। उद्योगों में प्रयुक्त जल का पुनर्चक्रण भी अनिवार्य किया जाना चाहिए। नीतिगत स्तर पर कठोर नियमों के निर्माण के साथ-साथ जन-जागरूकता फैलाना अत्यंत आवश्यक है। जब तक प्रत्येक नागरिक जल की एक-एक बूँद का मूल्य नहीं समझेगा, तब तक कोई भी योजना पूर्णतः सफल नहीं हो सकती। भविष्य की पीढ़ियों को सुरक्षित करने के लिए एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन को अपनाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

71. गद्यांश के अनुसार जल संकट के विकराल होने के कारण क्या हैं ?

तीव्र शहरीकरण, औद्योगिक विकास और जलवायु परिवर्तन

PROVISIONAL ANSWER KEY

72. भूजल स्तर के पुनर्भरण के लिए सबसे प्रभावी तकनीक कौन-सी बताई गई है ?

वर्षा जल संचयन

---

73. कृषि क्षेत्र में जल की बर्बादी रोकने के लिए किन पद्धतियों को अपनाने का सुझाव दिया गया है ?

सूक्ष्म सिंचाई पद्धतियों

---

74. उद्योगों में जल संरक्षण हेतु किस उपाय को अनिवार्य बनाने की बात कही गई है ?

जल का पुनर्चक्रण

---

75. भविष्य की पीढ़ियों को सुरक्षित करने के लिए _____ जल संसाधन प्रबंधन को अपनाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

एकीकृत

निर्देश : *निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों (76 से 80) के उत्तर दीजिए :*

साहित्य और समाज का संबंध अन्योन्याश्रित एवं शाश्वत है। साहित्य को समाज का दर्पण कहा जाता है, क्योंकि इसमें युगीन परिस्थितियों, सामाजिक चेतना, आस्थाओं और विसंगतियों का सजीव प्रतिबिंब दिखाई देता है। किंतु साहित्य केवल समाज का निष्क्रिय प्रतिबिंब मात्र नहीं है, बल्कि वह समाज का दिशा-निर्देशक और पथ-प्रदर्शक भी है। एक उच्च कोटि का साहित्यकार अपनी सूक्ष्म दृष्टि से समकालीन समस्याओं की पहचान करता है और अपनी रचनाधर्मिता के माध्यम से जनमानस को झकझोर कर जागरूक बनाता है।

इतिहास साक्षी है कि जब-जब समाज में नैतिक मूल्यों का पतन हुआ है या विषमता और शोषण का अंधकार व्याप्त हुआ है, तब-तब साहित्यकारों ने अपनी लेखनी से क्रांति की मशाल जलाई है। भारत के भक्ति आंदोलन से लेकर स्वतंत्रता संग्राम तक, कबीर, तुलसी, प्रेमचंद और दिनकर जैसे रचनाकारों ने सामाजिक कुरीतियों, धार्मिक आडंबरों और राजनीतिक पराधीनता के विरुद्ध जन-जागरण का अभूतपूर्व कार्य किया। साहित्य ने सदैव मानवीय संवेदनात्मकता, बंधुत्व और भावात्मक एकता को संपोषित किया है।

आधुनिक युगीन संदर्भों में, जहाँ भौतिकतावादी दृष्टिकोण और तकनीकी होड़ के कारण मानवीय संबंध संवेदनशील न रहकर यांत्रिक होते जा रहे हैं, वहाँ साहित्य की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ जाती है। साहित्य मनुष्य के भीतर की करुणा, सहानुभूति और नैतिक विवेक को जीवित रखता है। यह व्यक्ति को स्वार्थ की संकीर्ण परिधि से निकालकर समष्टि चेतना से जोड़ता है। संक्षेप में, साहित्य समाज की आत्मा है; जिस समाज का साहित्य समृद्ध नहीं होता, वह समाज वैचारिक और सांस्कृतिक रूप से निष्प्राण हो जाता है। अतः एक स्वस्थ और प्रगतिशील समाज के निर्माण हेतु साहित्य का संरक्षण, अनुशीलन एवं संवर्धन अनिवार्य है।

76. गद्यांश के अनुसार साहित्य और समाज के मध्य किस प्रकार का संबंध है ?

अन्योन्याश्रित और शाश्वत

---

77. एक उच्च कोटि का साहित्यकार समाज में क्या भूमिका निभाता है ?

वर्तमान समस्याओं को पहचानकर जनमानस को जागरूक बनाना

---

78. गद्यांश के अनुसार, आधुनिक युग में मानवीय संबंधों के यांत्रिक होने का मुख्य कारण किसे माना गया है ?

भौतिकतावादी दृष्टिकोण और तकनीकी होड़

---

79. एक स्वस्थ एवं प्रगतिशील समाज के निर्माण हेतु क्या आवश्यक ***नहीं*** है ?

साहित्य का केन्द्रीकरण

PROVISIONAL ANSWER KEY


80. गद्यांश के अनुसार, जिस समाज में साहित्य समृद्ध नहीं होता वह समाज :

वैचारिक और सांस्कृतिक रूप से निष्प्राण हो जाता है

निर्देश : *निम्नलिखित बार ग्राफ़ का अध्ययन कीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों (81 से 85) के उत्तर दीजिए :*

Direction : *Study the following bar graph and answer the questions (81 to 85) that follow :*

पाँच विक्रेताओं (A, B, C, D और E) द्वारा एक वर्ष में
विभिन्न प्रकार के वाहनों की बिक्री
Sales of different types of vehicles by five
sellers (A, B, C, D and E) in a year



81. विक्रेताओं A, C और D द्वारा बेचे गए पेट्रोल वाहनों की कुल संख्या, विक्रेताओं C, D और E द्वारा बेचे गए डीज़ल वाहनों की कुल संख्या का कितना प्रतिशत है ?

124%

The total number of Petrol vehicles sold by Sellers A, C and D is what percentage of the total number of Diesel vehicles sold by Sellers C, D and E ?

124%

PROVISIONAL ANSWER KEY

82. विक्रेता B द्वारा बेचे गए पेट्रोल वाहनों की संख्या, विक्रेता A द्वारा बेचे गए इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या से कितने प्रतिशत अधिक है (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए) ?

36·67%

The number of Petrol vehicles sold by Seller B is what percentage more than the number of Electric vehicles sold by Seller A (Round off to two decimal places) ?

36·67%

---

83. सभी विक्रेताओं द्वारा बेचे गए इलेक्ट्रिक वाहनों की औसत संख्या और डीज़ल वाहनों की औसत संख्या के बीच कितना अंतर है ?

9·6

What is the difference between the average number of Electric vehicles sold and the average number of Diesel vehicles sold across all sellers ?

9·6

---

84. प्रत्येक विक्रेता के लिए, बेचे गए इलेक्ट्रिक और पेट्रोल वाहनों की संयुक्त संख्या और बेचे गए डीज़ल वाहनों की कुल संख्या के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए। किस विक्रेता के लिए यह अंतर सर्वाधिक है ?

विक्रेता B

For each seller, find the difference between the combined number of Electric and Petrol vehicles sold and the total number of Diesel vehicles sold. For which seller is this difference the highest ?

Seller B

---

85. यदि विक्रेता B के 12 इलेक्ट्रिक वाहनों को विक्रेता C की बिक्री में जोड़ दिया जाए और विक्रेता A के 8 पेट्रोल वाहनों को विक्रेता E की बिक्री में जोड़ दिया जाए, तो विक्रेताओं B और E की नई कुल वाहन बिक्री के बीच कितना अंतर होगा ?

55

If 12 Electric vehicles from Seller B are added to Seller C's sales and 8 Petrol vehicles from Seller A are added to Seller E's sales, what will be the difference between the new total vehicle sales of Sellers B and E ?

55


PROVISIONAL ANSWER KEY

निर्देश: *नीचे दिए गए रेखा आलेख का अध्ययन कीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों (86 से 90) के उत्तर दीजिए :*

Direction : *Study the following line graph and answer the questions (86 to 90) that follow :*

वर्ष 2021 से 2025 के लिए वार्षिक निर्यात और आयात

Annual Exports and Imports for the Years 2021 to 2025



86. 2021 और 2023 के संयुक्त आयात का 2022 और 2025 के संयुक्त निर्यात से अनुपात क्या है ?

6 : 7

What is the ratio of the combined Imports in 2021 and 2023 to the combined Exports in 2022 and 2025 ?

6 : 7

---

87. 2025 का निर्यात, 2021 और 2025 के संयुक्त निर्यात का कौन-सा अंश (भिन्न) है ?

$\frac{9}{13}$

Exports in 2025 constitute what fraction of the combined Exports in 2021 and 2025 ?

$\frac{9}{13}$

PROVISIONAL ANSWER KEY

88. निम्नलिखित में से किस वर्ष में आयात और निर्यात के बीच का अंतर न्यूनतम था ?

2024

In which of the following years was the difference between Imports and Exports the minimum ?

2024

---

89. यदि 2025 में आयात में 20% की कमी होती है, जबकि 2025 में निर्यात अपरिवर्तित रहते हैं, तो निर्यात, आयात से कितनी राशि से अधिक होगा ?

उपर्युक्त में से कोई नहीं

If Imports in 2025 decrease by 20%, while Exports in 2025 remain unchanged, then by what amount will Exports be greater than Imports ?

None of the above

---

90. सभी पाँच वर्षों का संयुक्त निर्यात, सभी पाँच वर्षों के संयुक्त आयात का कितना प्रतिशत है ?

87·5%

The combined Exports for all five years constitute what percentage of the combined Imports for all five years ?

87·5%

निर्देश : *निम्नलिखित सारणी का अध्ययन कीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों (91 से 95) के उत्तर दीजिए :*

Direction : *Study the following table and answer the questions (91 to 95) that follow :*

2007 से 2011 तक कंपनी का वार्षिक व्यय (₹ लाख में)

Annual expenditure of a company from 2007 to 2011 (₹ in Lakhs)

व्यय की मदें / Items of Expenditure → **वर्ष / Year ↓**	**वेतन / Salary**	**ईंधन और परिवहन / Fuel and Transport**	**बोनस / Bonus**	**ऋणों पर ब्याज / Interest on Loans**	**कर/ Tax**
2007	288	98	3·00	23·4	83
2008	342	112	2·52	32·5	108
2009	324	101	3·84	41·6	74
2010	336	133	3·68	36·4	88
2011	420	142	3·96	49·4	98

91. 2007 से 2011 की अवधि के लिए करों पर कुल व्यय और ईंधन व परिवहन पर संयुक्त कुल व्यय का अनुपात है :

451 : 586

The ratio of the total expenditure on taxes to the total expenditure on fuel and transport combined for the period 2007 to 2011 is :

451 : 586

---

92. 2009 में दी गई सभी मदों पर कंपनी द्वारा कुल कितना व्यय किया गया ?

₹ 544·44 लाख

What was the total expenditure incurred by the company on all the given items in 2009 ?

₹ 544·44 lakhs

PROVISIONAL ANSWER KEY

93. 2007 से 2011 की अवधि के दौरान कंपनी द्वारा प्रति वर्ष ऋणों पर भुगतान किए गए ब्याज की औसत (माध्य) राशि क्या थी ?

₹ 36·66 लाख

What was the average (mean) amount of interest paid on loans by the company per year during the period from 2007 to 2011 ?

₹ 36·66 lakhs

---

94. 2007 में सभी मदों पर कंपनी का कुल व्यय, 2011 में सभी मदों पर इसके कुल व्यय का कितना प्रतिशत था (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए) ?

69·45%

The total expenditure of the company on all items in 2007 was what percentage of its total expenditure on all items in 2011 (Round off to two decimal places) ?

69·45%

---

95. 2007 से 2011 की अवधि के दौरान कंपनी द्वारा भुगतान की गई बोनस की कुल राशि, इसी अवधि के दौरान भुगतान की गई वेतन की कुल राशि का कितना प्रतिशत है (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए) ?

0·99%

The total amount of bonus paid by the company during the period from 2007 to 2011 is what percentage of the total amount of salary paid during this period (Round off to two decimal places) ?

0·99%

PROVISIONAL ANSWER KEY

निर्देश : *निम्नलिखित सारणी का अध्ययन कीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों (96 से 100) के उत्तर दीजिए :*

Direction : *Study the following table and answer the questions (96 to 100) that follow :*

2021 और 2022 में कंपनियों A, B, C और D द्वारा बेचे गए सैनिटाइज़रों की संख्या

Number of sanitizers sold by companies A, B, C and D in 2021 and 2022

वर्ष/Year → / कंपनी/Company ↓	बेचे गए सैनिटाइज़रों की संख्या/ Number of Sanitizers Sold	
	2021	2022
A	230	240
B	350	380
C	310	390
D	270	310

96. 2022 में कंपनियों A और B द्वारा बेचे गए सैनिटाइज़रों की कुल संख्या और 2021 और 2022 में कंपनी D द्वारा बेचे गए सैनिटाइज़रों की कुल संख्या के बीच क्या अंतर है ?

40

What is the difference between the combined number of sanitizers sold by Companies A and B in 2022 and the total number of sanitizers sold by Company D in 2021 and 2022 ?

40

---

97. 2022 में कंपनियों B और C द्वारा मिलकर बेचे गए सैनिटाइज़रों की संख्या, 2021 में कंपनियों B और C की संयुक्त बिक्री का कितना प्रतिशत है (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए) ?

116·67%

The combined number of sanitizers sold by Companies B and C in 2022 is what percentage of their (Companies B and C) combined sales in 2021 (Round off to two decimal places) ?

116·67%

PROVISIONAL ANSWER KEY

98. 2022 में चारों कंपनियों द्वारा बेचे गए सैनिटाइज़रों की औसत (माध्य) संख्या और 2021 में उन सभी चारों कंपनियों द्वारा बेचे गए सैनिटाइज़रों की औसत (माध्य) संख्या के बीच क्या अंतर है ?

40

What is the difference between the average (mean) number of sanitizers sold by the four companies in 2022 and the average (mean) number sold by all the four companies in 2021 ?

40

---

99. 2021 से 2022 तक कंपनी C की बिक्री में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए) ?

25·81%

By what percentage did the sales of Company C increase from 2021 to 2022 (Round off to two decimal places) ?

25·81%

---

100. 2022 में चारों कंपनियों द्वारा बेचे गए सैनिटाइज़रों की कुल संख्या, 2021 में बेचे गए सैनिटाइज़रों की कुल संख्या से कितनी अधिक है ?

160

By how many sanitizers does the total number sold by all four companies in 2022 exceed the total number of sanitizers sold in 2021 ?

160

PROVISIONAL ANSWER KEY